GATE CE 2018
COMPLETE PACK
115 TOTAL TESTS
₹647/-
testbook

# Important Current Affairs 19th October 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 19th October 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the **Important Current Affairs 19th October 2017** in Hindi as PDF and save for revision!

**Important Current Affairs 19th October 2017 in Hindi**

- **जयपुर और श्रीनगर हवाई अड्डों को शीर्ष स्थान**
    - ACI-ASQ सर्वेक्षण में 2-5 मिलियन यात्रियों की श्रेणी में जयपुर और श्रीनगर हवाईअड्डे को क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान मिला है|
    - लगातार दूसरी बार जयपुर हवाई अड्डे को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे का दर्जा दिया गया है|
    - पुरस्कार, ACI-ASQ सर्वेक्षण में उच्चतम यात्री संतुष्टि रेटिंग प्राप्त करने वाले हवाई अड्डों को दिया जाता है|
- **भारत में दीवाली का जश्न**
    - उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या पहुंचकर, अब तक का सबसे बड़ा दिवाली का जश्न, 'दीपोत्सव' मनाया|
    - शहर का लक्ष्य, 2000 से ज्यादा स्कूल और कॉलेज के बच्चों द्वारा दिवाली की पूर्व संध्या पर 2 लाख दीये प्रज्वलित कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बनाना है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- आदित्यनाथ ने अयोध्या में सरयू नदी के तट पर राज्यपाल राम नाइक, उपमुख्यमंत्री के.पी. मौर्य के साथ आरती की|

- **मलेरिया का पता लगाने के लिए मोबाइल डिवाइस**
  - एक भारतीय शोधकर्ता टीम का कहना है कि एक बेहद सस्ते पेपर माइक्रोस्कोप से लैस मोबाइल फोन 10 सेकंड में मलेरिया-परजीवी की मौजूदगी का पता लगा सकता है|
  - उन्होंने एक ऐसी प्रणाली विकसित की है, जो किसी विशेष इलाके में रोग के वास्तविक समय के वितरण और आंकड़ों को संग्रहीत करती है|
  - इसका उद्देश्य मानव त्रुटि को समाप्त करना, दूरदराज के इलाकों में निदान को बढ़ाने और जितनी जल्दी हो सके उपचार सक्षम करना है|
- **WPP ने किया सी.वी.एल. श्रीनिवास को नियुक्त**
  - सी.वी.एल. श्रीनिवास को भारत में WPP का राष्ट्र प्रबंधक नियुक्त किया गया है|
  - उद्योग में श्रीनि के नाम से मशहूर सी.वी.एल. श्रीनिवास, एक मीडिया पेशेवर हैं जिनके पास 20 वर्षों का अनुभव है|
  - वे रंजन कूपर की जगह लेंगे जो अब WPP इंडिया के अध्यक्ष की भूमिका निभाएँगे|
  - उनकी CEO, दक्षिण एशिया, ग्रुपएम के रूप में अपनी भूमिका के साथ यह नियुक्ति एक अतिरिक्त प्रभार है|
- **महाराष्ट्र ने जारी की ऋण माफी योजना**
  - मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने घोषणा की है कि महाराष्ट्र सरकार ने 34,000 करोड़ रुपये से अधिक की कृषि ऋण माफी योजना के पहले चरण में 4,000 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है|
  - वितरण के पहले चरण में, 8 लाख से अधिक किसानों को कवर किया जाएगा|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

GATE CE 2018
COMPLETE PACK
115 TOTAL TESTS
₹647/-
testbook

- फडनवीस ने कहा कि 2011-12 में 21,000 करोड़ रुपये से कृषि क्षेत्र में निवेश लगभग तीन गुना बढ़कर 63,000 करोड़ रुपये हो गया है|

- **बाघों की तुलना में सॉफिश को अधिक खतरा**
  - समुद्री वैज्ञानिकों के अनुसार, भारतीय तटों पर सॉफिश को एक दशक की अवधि में 10 बार से भी कम देखा गया है और उनके विलुप्त होने का खतरा बाघों और हाथियों की तुलना में अधिक है|
  - वे भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची 1 में शामिल हैं|
  - केन्द्रीय समुद्री मत्स्य पालन अनुसंधान संस्थान द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि सॉफिश भारत में सबसे लुप्तप्राय मछली प्रजाति हो सकती है|
- **श्रीसंत पर आजीवन प्रतिबंध**
  - 17 अक्टूबर को केरल उच्च न्यायालय ने BCCI द्वारा क्रिकेटर एस. श्रीशांत पर लगाए गए आजीवन प्रतिबंध को जारी रखा है|
  - BCCI के CEO ने एक एकल न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ दर्ज की गई प्रतिबन्ध हटाने की एक अपील को खारिज कर दिया|
  - मुख्य न्यायाधीश नवनीति प्रसाद सिंह के डिवीजन बेंच ने फैसला सुनाया कि न्यायलय, BCCI द्वारा लगाये गए आजीवन प्रतिबंध की एक न्यायिक समीक्षा नहीं कर सकता|
- **कांग्रेस विधायक राम सिंह यादव का निधन**
  - शिवपुरी (मध्य प्रदेश) के कांग्रेस विधायक श्री राम सिंह यादव का अचानक दिल का दौरा पड़ने के बाद 18 अक्टूबर 2017 को निधन हो गया|
  - उनके समर्थकों के बीच वे "दादाजी" के नाम से लोकप्रिय थे और शिवपुरी जिला कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर भी थे|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में 2013 विधानसभा चुनाव में वे कोलारास विधान सभा सीट से निर्वाचित हुए|

- **IT विभाग ने की 'ऑनलाइन चैट' की शुरूआत**
    - IT विभाग ने करदाताओं के मूल प्रश्नों और संदेहों के उत्तर के लिए एक 'ऑनलाइन चैट' सेवा शुरू की है|
    - आयकर विभाग की वेबसाइट, "www.incometaxindia.gov.in/" के मुख्य पृष्ठ पर 'लाइव चैट ऑनलाइन'-आस्क योर क्वेरी, नामक आइकॉन के साथ एक विंडो होस्ट की गई है|
    - विभाग के विशेषज्ञों की एक टीम और स्वतंत्र कर पेशेवर प्रश्नों के उत्तर देंगे|
- **डेटा तक आसान पहुंच के लिए ओडिशा पोर्टल**
    - 17 अक्टूबर 2017 को ओडिशा सरकार ने स्टेट ओपन गवर्नमेंट डाटा प्लेटफॉर्म, www.odisha.data.gov.in का अनावरण किया|
    - ओडिशा के मुख्य सचिव ए.पी. पधि ने सभी विभागों के डेटा अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर वेबसाइट पर अपने संबंधित विभागों की सूचना अपलोड करने के लिए कहा|
    - यह सरकारी डेटा पोर्टल, लोगों के साथ डेटा साझा करने के मुख्य उद्देश्य से लॉन्च किया गया है|
- **अमेरिका भारत में उपलब्ध कराएगा EMALS प्रौद्योगिकी**
    - ट्रम्प सरकार ने भारतीय विमान वाहकों के लिए इलेक्ट्रोमॅग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम (EMALS) प्रौद्योगिकी प्रदान करने के लिए अनुबंध किया है|
    - यह EMAL, विद्युत चुम्बकीय बल का उपयोग करके एक विमान वाहक के छोटे रनवे से भारी लड़ाकू विमानों को लॉन्च करने में मदद करेगा|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

GATE CE 2018
COMPLETE PACK
115 TOTAL TESTS
₹647/-
testbook

- EMALS एक प्रकार का विमान लॉन्चिंग सिस्टम है जो वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका नौसेना के लिए जनरल एटॉमिक्स द्वारा विकसित किया गया है|

- **नरेश गुप्ता को MP के लोकायुक्त नियुक्त**
  - मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य के लोकायुक्त के रूप में नरेश कुमार गुप्ता को नियुक्त किया| वे मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं|
  - पी.पी. नाओलेकर की सेवानिवृत्ति के बाद जून 2016 से मध्य प्रदेश लोकायुक्त का पद रिक्त था|
  - जून 2016 से लोकायुक्त का काम, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और नरेश कुमार गुप्ता से छह वर्ष वरिष्ठ, यू.सी. माहेश्वरी देख रहे थे|
- **ACI ने हैदराबाद हवाई अड्डे को दिया पहला रैंक**
  - हैदराबाद का राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (RGIA), अन्तराष्ट्रीय हवाईअड्डा परिषद (ACI) सेवा गुणवत्ता सर्वेक्षण में प्रतिवर्ष 5 से 15 मिलियन यात्रियों की श्रेणी में पहले स्थान पर है|
  - 1 से 5 के पैमाने पर, हैदराबाद हवाई अड्डे का स्कोर, 2009 में 4.4 से बढ़कर वर्ष 2016 में 4.9 हो गया|
  - RGIA की स्थापना वर्ष 2008 में की गयी थी और यह GMR हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (GHIAL) द्वारा संचालित है|
- **जावेद अख्तर को पुरस्कार**
  - वयोवृद्ध लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को 26 अक्टूबर 2012 को हृदयनाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाना है|
  - यह पुरस्कार वयोवृद्ध संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर के 80वें जन्मदिन पर दिया जाता है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- जावेद अख्तर को एक स्मृति चिन्ह के साथ 1,00,000 रुपये दिए जायेंगे| गायिका लता मंगेशकर के 75 वर्षीय संगीत कैरियर का जश्न मनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है|

- **बैंक ने दिया नमामी गांगे के लिए धन**
  - यस बैंक ने घोषणा की है कि उसने नमामी गांगे परियोजना के तहत वाराणसी में पहली सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए 156 करोड़ रुपये देने का वादा किया है|
  - यस बैंक ने उपरोक्त STP के लिए एस्सेल इन्फ्रा परियोजनाओं के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं|
  - 'नमामी गांगे कार्यक्रम' की शुरुआत दो उदेश्यों, राष्ट्रिय नदी गंगा के प्रदूषण, संरक्षण और कायाकल्प के प्रभावी क्षरण के को पूरा करने के लिए की गयी है|
- **पूर्वोत्तर लघु वित्त बैंक का परिचालन शुरू**
  - पूर्वोत्तर लघु वित्त बैंक लिमिटेड ने एक लघु वित्त बैंक के रूप में परिचालन शुरू किया है|
  - गुवाहाटी स्थित RGVN (उत्तर पूर्व) माइक्रोफाइनांस लिमिटेड को सितंबर 2015 में एक लघु वित्त बैंक की स्थापना के लिए भारतीय रिजर्व बैंक में सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति मिली|
  - लघु वित्त बैंक एक प्रकार के आला बैंक हैं जो कि वित्तीय समावेश को और अधिक बढ़ाने के उद्देश्य से स्थापित किए जाते हैं|
- **भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका के बीच अनुबंध**
  - भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका ने विकासशील देशों में गरीबी से निपटने की ओर लक्षित, IBSA ट्रस्ट फंड एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

GATE CE 2018
COMPLETE PACK
115 TOTAL TESTS
₹647/-
testbook

- दरबन, दक्षिण अफ्रीका में 8वीं IBSA त्रिपक्षीय मंत्रिस्तरीय आयोग की बैठक के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए| ।
- BSA फंड 2004 में बनाया गया था| भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका (IBSA) इस फंड में सालाना 1 मिलियन USD का योगदान देते हैं| फंड UNDP स्पेशल यूनिट द्वारा प्रबंधित किया जाता है|

- **डरबन में गांधी संग्रहालय का उद्घाटन**
  - दक्षिण अफ्रीका के डरबन के क्वाज़ुलु-नताल प्रांत में,18 अक्तूबर 2017 को गांधी संग्रहालय का उद्घाटन उस स्थान पर किया गया जिसका स्वामित्व कभी महात्मा गांधी के पास था|
  - संग्रहालय महात्मा गांधी के जीवन और सार्वभौमिक प्रभाव को प्रतिबिंबित करेगा|
  - महात्मा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट ने इस संग्रहालय का निर्माण किया है| डरबन लोकल हिस्ट्री संग्रहालय द्वारा संग्रहालय में 'गांधी इन डरबन' नामक एक प्रदर्शनी की स्थापना की गई है|
- **QS एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग 2018**
  - नवीनतम क्वाक्वारेली सायमंड्स एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग 2018 में, IIT बॉम्बे शीर्ष क्रम वाले भारतीय संस्थान के रूप में उभरा है|
  - IIT बॉम्बे 34वें स्थान पर है और QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2018 में शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने वाला एकमात्र भारतीय संस्थान है|
  - QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2018 में, IIT दिल्ली 41वें रैंक पर है और सिंगापुर की नानयांग टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी को शीर्ष स्थान मिला|
- **आंध्र प्रदेश में TU142M विमान संग्रहालय**



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS CLERK COMBO PACK 70 MOCK TESTS ₹547/- testbook

- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्राबाबू नायडू ने विशाखापत्तनम में TU142M विमान संग्रहालय की नींव रखी|
- यह विशाखापत्तनम में बीच रोड पर बनाया जा रहा है| रूसी विमान TU142M को तमिलनाडु में INS राजली में 29 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत कर दिया गया था|
- इसे 8 अप्रैल 2017 को विशाखापत्तनम में संग्रहालय में परिवर्तित करने के लिए लाया गया|

## Attempt Current Affair Quiz for 19th October 2017



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play